**आईसीएमआर- राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान**
**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग)**
**सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली- 110077, भारत**
टेलीफोन:+91-11-25307103, 25307104, 25361092, 25361093
वैबसाईट : www.nimr.org.in, nimr.icmr.org.in

**"सरकार ऐसा कार्यबल बनाने की दिशा में प्रयासरत है जो लिंग संतुलन दर्शाता हो एवं महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया करता हो"**

विज्ञापन. संख्या. :एनआईएमआर/प्रोजेक्ट/केसीपी/108/21/50
दिनांक:12.11.2021

## संविदागत पदों हेतु रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआर-एनआईएमआर द्वारा नीचे दिए गए अस्थायी प्रोजेक्ट पदों के लिए प्रत्येक पद के सामने दर्शायी गई अवधि हेतु आईसीएमआर-एनआईएमआर में वॉक-इन-इंटरव्यू/लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस अवधि को आवश्यकतानुसार आगे बढ़ाया जा सकता है। अनिवार्य योग्यताओं, अनुभव और आयु मानदंड रखने वाले उम्मीदवार **आईसीएमआर-एनआईएमआर, सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली में वॉक-इन-इंटरव्यू/लिखित परीक्षा हेतु** निर्धारित आवेदन प्रपत्र भरकर जन्मतिथि, अर्हताओं एवं अनुभव के प्रमाण हेतु सहायक दस्तावेजों के साथ **नीचे दर्शायी गई सारणी में दी गई** दिनांकों को उपस्थित हो।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य आणविक, जैव रासायनिक और संरचनात्मक जीव विज्ञान उपकरणों का उपयोग करके मच्छर परपोषी की पहचान करके उसके व्यवहार को समझना है। हम रोगवाहक नियंत्रण के लिए अंतरण मूल्यों वाले नीचे उल्लिखित परियोजनाओं में काम करने के लिए अत्यधिक कुशल और अनुभवी कर्मियों का चयन करके और उन्हें परियोजना में शामिल करना चाहते हैं।

| **प्रोजेक्ट शीर्षक** | "Multi-stage malaria vaccine candidates for the prevention of *Plasmodium falciparum* infection in mosquito and pre-erythrocytic development in man." | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अवधि** | **2.5 वर्ष** | | | | |
| **तैनाती का स्थान** | **आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान ,सैक्टर-8 ,द्वारका, नई दिल्ली** | | | | |
| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **पद की संख्या एवं श्रेणी** | **आवश्यक / वांछनीय अर्हता एवं अनुभव** | **समेकित परिलब्धियाँ (प्रति माह)** | **आयु सीमा** |
| 1 | अनुसंधान एसोशिएट-1 | 01 (अनारक्षित) | **अनिवार्य अर्हताः**<br>पीएच.डी/एमडी/एमएस/एमडीएस या समकक्ष डिग्री या एमएससी/ एम. फार्मा/ एमई/एम टेक के साथ साइंस सीटेशन इंडेक्स्ड (एससीआई) जरनल में कम से कम 1 पेपर हो और अनुसंधान, शिक्षण एवं डिजाइन और डेवलपमेंट में 3 वर्ष का अनुभव हो।<br>**वांछनीय अर्हताः**<br>• जैव विज्ञान में पीएच.डी डिग्री; मलेरिया परजीवी संवर्धन कार्य, गैमेटोसाइट संवर्धन, मच्छर पालन आदि में अनुसंधान अनुभव रखने | रूपये. 47,000/- + नियमानुसार एचआरए | 40 वर्ष |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वालों को वरीयता दी जाएगी।<br>• परजीवी/रोगवाहक जीवविज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान अनुभव का प्रमाणित ट्रेक रिकार्ड हो।<br>• उम्मीदवार के पास परजीवी जीवविज्ञान/रोगवाहक जीवविज्ञान के क्षेत्र में अनुक्रमित जरनल में कम से कम प्रथम लेखक के रूप में एक प्रकाशन हो।<br>• प्रोटीन जैव रासायनिक एसे, परजीवी औषधी संवेदनशीलता एसे इत्यादि करने में सक्षम।<br>**कर्तव्य एवं जिम्मेदारियाः** चयनित उम्मीदवार प्रोजेक्ट के समग्र प्रबंधन के लिए जिम्मेदार होंगे और रूटीन प्रोटीन, जैव रासायनिक एसे, परजीवी औषधी संवेदनशीलता एसे, परजीवी संवर्धन, गैमेटोसाइट जेनेरेशन फॉर ट्रान्समिशन ब्लॉकिंग एसे, परियोजना प्रस्तुतीकरण, रिपोर्ट लेखन, आर्टिकल ड्राफ्टिंग, और अन्य वैचारिक परिकल्पना/विचार सृजन हेतु जिम्मेदार होंगे। | | |

**वॉक-इन-इन्टरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा हेतु सारणी**

| पद | पंजीकरण एवं दस्तावेज सत्यापन की दिनांक एवं समय | पता |
|---|---|---|
| **अनुसंधान एसोशिएट-1** | 26 नवंबर 2021 को पूर्वाह्न 09.30 से 10.30 बजे तक | **आईसीएमआर-राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, सैक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली** |

**नोटः**

**(क)** पंजीकरण और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उसी दिन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। निर्धारित दिनांक और समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**(ख)** यदि किसी पद के लिए 30 से अधिक उम्मीदवार होंगे तो लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी एवं अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा हेतु बुलाया जाएगा।

**नियम एवं शर्तें:**

1. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव रखने वाले और इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रपत्र (संलग्न) को यथाविधि भर कर प्रत्येक पद के आगे दर्शाए गए दिनांकों को वॉक-इन-इन्टरव्यू/ व्यक्तिगत चर्चा (जो भी मान्य हो) के लिए उपस्थित रहें।
2. अपूर्ण आवेदन पत्रों, निर्धारित प्रारुप में नहीं भरे गए एवं बिना सहायक दस्तावेजों वाले आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। शैक्षणिक अर्हता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और संबंधित प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
3. अनुभव को न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताओं के पूर्ण होने की दिनांक से गिना जाएगा।
4. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा के दौरान गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने से किसी भी अवस्था में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

5. **निदेशक के पास आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या बढाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है।**
6. **निदेशक, एनआईएमआर के पास बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और इस मामले में किसी प्रकार का पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।**
7. **निदेशक, एनआईएमआर को वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित है।**
8. उम्मीदवार **आवेदन पत्र के शीर्ष पर परियोजना का नाम** लिखे।
9. भविष्य निधि, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि किसी लाभ पर विचार नहीं किया जाएगा, चूंकि पद पूर्ण रुप से अस्थायी आधार पर हैं।
10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/एक्समैन/विभागीय उम्मीदवारों सहित प्रोजैक्ट उम्मीदवार को आयुसीमा में छूट भारत सरकार/आईसीएमआर मानदंड के अनुसार स्वीकार्य हैं। अनारक्षित पद हेतु आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
11. आयु सीमा में छूट एवं अनुभव पर वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा की दिनांक को विचार किया जाएगा।
12. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
13. केवल अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता/अनुभव को पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।
14. किसी भी केन्द्र/राज्य सरकार/स्वायत्त/विभाग/पीएसयू के अधीन पहले से ही नियमित सेवा में कार्यरत उम्मीदवार आवेदन देने के पात्र नहीं हैं।
15. चयनित उम्मीदवारों को आईसीएमआर दिशानिर्देशों के अनुसार छुट्टी दी जाएगी।
16. समुदाय/जाति प्रमाण पत्र : ओबीसी श्रेणी के अधीन आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को, निर्दिष्ट प्रारुप में ओबीसी गौर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जो उचित प्राधिकारी द्वारा वॉक-इन-इंटरव्यू टेस्ट और/ या व्यक्तिगत चर्चा की तारीख से एक वर्ष के भीतर जारी किया जाएगा। केवल नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाणपत्र स्वीकार किए जाएंगे और अन्य प्रमाणपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
17. सभी पदों के लिए प्रस्तावित अवधि संविदात्मक हैं।
18. उपरोक्त पदों को पूरी तरह से अस्थायी आधार पर अनुबंध के आधार पर भरा जाता है और उम्मीदवार को आईसीएमआर-एनआईएमआर के तहत किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के लिए दावा करने या किसी अन्य परियोजना में उसकी सेवाओं को जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
19. अल्प-सूचीबद्ध और रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी या आंतरिक दबाव और प्रभाव डालने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य मान लिया जाएगा और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा।
20. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को मूल प्रमाणपत्र (1) शैक्षिक योग्यता (2) जन्मतिथि का प्रमाणपत्र (3) अनुभव प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र (4) पासपोर्ट आकार का स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ (5) पहचान प्रमाण (पूर्व आधार/पैन/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस आदि (6) सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों का एक सेट (7) एससी/एसटी/ओबीसी प्रमाणपत्र, यदि लागू हों (8) उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत करने होंगे।
21. निर्धारित दिनांक/समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी।
22. उपर्युक्त रिक्तियॉं, नोटिस के संबंध में कुछ जोड़/भूल-सुधार केवल https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कोई भी पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि कृपया नियमित रुप से वेबसाइट (https://main.icmr.nic.in/ एवं https://nimr.icmr.org.in/.) देखते रहें और अपने आप को अद्यतित रखें।
23. विज्ञापन एवं निर्धारित आवेदन प्रपत्र वेबसाइटhttps://nimr.org.in/category/vacancy/, https://nimr.icmr.org.in/index.php/notifications/vacancies और https://main.icmr.nic.in/ पर देखी जा सकती हैं।

**<u>नोटः</u> उम्मीदवारों द्वारा वॉक-इन-इन्टरव्यू के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निम्नलिखित निवारात्मक उपायों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान और परिसर के भीतर कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोका जा सकें।**

क. चेहरे को ढकने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है।

ख. सार्वजनिक एवं कार्य स्थल में थूकना जुर्माना सहित दंडनीय है, जैसाकि राज्य/स्थानीय प्राधिकरण के कानूनों, नियमों या नियामकों के अनुसार निर्धारित है।

ग. सार्वजनिक स्थलों एवं परिवहन स्थलों पर सभी व्यक्तियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन किया जाए।

घ. थर्मल जाँच का प्रावधान, हाथ धोना और सेनिटाइजर सभी प्रवेश एवं निकास बिन्दुओं और सामान्य क्षेत्रों पर किया जाएगा।

ङ. एक ही स्थान पर कई लोगों की भीड़ नहीं होनी चाहिए।

च. जहाँ तक संभव हो उम्मीदवार अन्य लोगों/उम्मीदवारों के फोन, डेस्क, कार्यस्थल या अन्य कार्य उपकरण एवं साधनों का उपयोग करने से बचे। उपयोग से पहले एवं बाद में साफ एवं विसंक्रमित करें।

छ. कोरिडोर में बिना वजह एकत्रित एवं भीड़ न करें और दूरी बनाए रखे।

**निदेशक**
**आईसीएमआर-एनआईएमआर**

**आईसीएमआर/एनआईएमआर वेबसाइट पर 12.11.2021 को प्रकाशित**